कांग्रेस नेता अब्दुल हकीम अंसारी के निधन पर शोक

फतेहपुर सीकरी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर तहसील क्षेत्र प्रभारी और जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद पर रहे कांग्रेस नेता अब्दुल हकीम अंसारी का बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। कस्बे के सराय पुख्ता निवासी अब्दुल हकीम अंसारी टेलरिंग का कार्य करते थे। उनके निधन की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।

उनके निधन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश डागुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, चौधरी अशोक सिंह, राजेंद्र शर्मा, फिरोज जमा खान, संतोष पांडे, मोहम्मद निसार खान, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद इस्लाम, बदरुद्दीन कुरैशी, ताराचंद माहौर, वीर सिंह बघेल, अबरार कुरैशी, फिरोज कप्तान, चौधरी रामगोपाल, शिव सिंह माहुरा, नीरज शुक्ला, शमीम सिद्दीकी शर्मा और पीयूष गोयल सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

देहली गेट क्षेत्र से तीन दिन में हटेगा अतिक्रमण, नगर आयुक्त ने दिए निर्देश

सीएम ग्रिड के काम में मानकों की अनदेखी पर जताई नाराजगी, नाले पर बनेंगे दो मेनहोल; धूल रोकने के लिए लगातार होगा पानी का छिड़काव



आगरा। देहली गेट क्षेत्र में अतिक्रमण और सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी से हो रहे वायु प्रदूषण को लेकर नगर निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने शनिवार को वार्ड 95 के देहली गेट क्षेत्र में सीएम ग्रिड योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को तीन दिन के भीतर विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान धूल उड़ने से रोकने के लिए लगातार पानी का छिड़काव कराने और खुले नाले को ढकने के भी निर्देश दिए।

क्षेत्रीय पार्षद शरद चौहान ने नगर आयुक्त से क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण और सीएम ग्रिड के निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किए जाने की शिकायत की थी। पार्षद ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान धूल उड़ने से क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले की सफाई में आ रही दिक्कतों की ओर भी नगर आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया। बताया कि नाले की नियमित सफाई और बेहतर जल निकासी के लिए दो स्थानों पर मेनहोल का निर्माण कराया जाना जरूरी है।

इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को नाले पर दोनों स्थानों पर मेनहोल बनाने के निर्देश दिए। वहीं गोवर्धन होटल के पास स्थानीय दुकानदारों द्वारा नाले में छोटा पाइप डाल दिए जाने से पानी का प्रवाह बाधित होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल पाइप हटवाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नाले के बहाव में किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए, जिससे जल निकासी सुचारु बनी रहे।

नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखने की हिदायत देते हुए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने को कहा, ताकि धूल और मिट्टी उड़ने से लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने खुले नाले को भी जल्द ढकवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अवर अभियंता हरीओम ,जोनल स्वच्छता अधिकारी जितेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

लायर्स कॉलोनी में लगातार गैरहाजिर तीन सफाई मित्रों की सेवा समाप्त करने की संस्तुति



आगरा। वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर नगर निगम प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। शनिवार को वार्ड-34 लायर्स कॉलोनी में अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में लगातार कई दिनों से ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे तीन आउटसोर्स सफाई मित्रों की सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति की गई है। वहीं, निरीक्षण में गैरहाजिर मिले स्थाई सफाई नायक का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने की संस्तुति नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य से की गई है।

शनिवार सुबह किए गए निरीक्षण में वार्ड की सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। यहां सफाई कार्य के लिए 30 आउटसोर्स सफाई मित्र तैनात हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान 10 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले। उपस्थिति पंजिका की जांच में इनमें से तीन कर्मचारी ऐसे पाए गए, जो पिछले कई दिनों से लगातार गैरहाजिर चल रहे थे। इनमें विशाल पुत्र राजू, मौनू पुत्र नंदलाल और अमरदीप पुत्र सुभाष शामिल हैं। लगातार अनुपस्थित रहने और इसके चलते सफाई कार्य प्रभावित होने के कारण इन तीनों की सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति की गई है।

इनका एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति

निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर मिले 10 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की गई है। इनमें राजेंद्र पुत्र विशाल, अभिषेक पुत्र रनवीर, दिनेश पुत्र पदम, अमनदीप पुत्र सुभाष, राहुल पुत्र दीपक, जैबिल पुत्र तुलसी, विशाल पुत्र राजू, मौनू पुत्र नंदलाल, रूबी पत्नी आकाश और विशाल पुत्र हरी शामिल हैं।

सफाई नायक का वेतन रोकने और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को नोटिस

निरीक्षण में वार्ड की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए तैनात स्थाई सफाई नायक निखिल भी कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिला। उनका वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने की संस्तुति की गई है। वहीं, वार्ड में सफाई व्यवस्था अत्यंत निम्न श्रेणी की पाए जाने पर मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रमेश चंद सैनी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये हैं ।

50 मत्स्य पालकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तकनीक से मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के दिए टिप्स

(अग्रभारत सवाददाता)

आगरा। उ.प्र.मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत शनिवार को आगरा मण्डल के 50 मत्स्य पालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण / कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम संजय पैलेस स्थित विकास भवन सभागार, आगरा में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में उप निदेशक मत्स्य, आगरा / अलीगढ़ मण्डल, सहायक निदेशक मत्स्य, आगरा, सहायक निदेशक मत्स्य, मैनपुरी एवं किशन शर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य (से.नि.) तथा प्रशिक्षणार्थी आदि उपस्थित रहे।

उक्त प्रशिक्षण में उप निदेशक मत्स्य, आगरा मण्डल, आगरा द्वारा उपस्थित सभी मत्स्य कृषकों को मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मत्स्य पालन की वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से मत्स्य उत्पादन बढ़ाने हेतु निम्नलिखित परामर्श दिये गये।

तालाब की तैयारी / निर्माण / मत्स्य बीज संचय

सर्व प्रथम तालाब निर्माण करते समय तालाब के तल में गोबर की खाद एवं हरी खाद की जुताई कराते हुए कम से कम 5 फुट तक पानी रखने की सलाह दी, जिससे गर्मी एवं ठंड के मौसम में मछली के लिए अनुकूल तापमान निर्धारित हो सके।

बन्धों की चौड़ाई दो मीटर रखने की सलाह दी ताकि बन्धों पर प्राकृतिक उर्वरकता के पौधे जैसे गेंदा, पपीता एवं अन्य पौधे उगाए जा सकें जिससे मछली को प्राकृतिक भोजन प्राप्त होता रहे, तथा तालाब के बन्धे की ऊँचाई तल से 5 फुट रखने के निर्देश दिये गये ताकि वर्षा के समय में पर्याप्त पानी संरक्षित किया जा सके जिससे कि गर्मी के समय में कम से कम 4 फुट पानी रह सके, ताकि मछलियाँ परिस्थितियों में भी जीवित रह सकें।

जिन तालाबों में मात्र 3 से 6 माह पानी रहता है या सूख जाते हैं उन तालाबों में होली से पहले मछलियाँ निकाल कर तालाब की जलीय खरपतवार को साफ कर के ही बाजार की डिमांड के अनुरूप मछली पालने एवं छोटे हिस्से में फ्राई मत्स्य बीज सस्ती कीमत में संरक्षित कर फिगरलिंग साइज तैयार कर तालाब में पुनर्स्थापित करके सस्ती दर पर मत्स्य बीज क्रय कर अच्छी कीमत में मछली निर्यात की जा सकती है, जिससे निश्चित रूप से उत्पादन बढ़ाकर आमदनी में बढ़ोतरी होगी, का परामर्श दिया गया।

मत्स्य कृषकों की प्रमुख समस्या तालाब में गन्दा पानी की रही जिसमें तालाब के पानी को शुद्ध करने हेतु डेले वाले चूना का घोल निर्धारित मात्रा में तालाब के चारों ओर डालकर तालाब के पानी को मछली के योग्य बनाने का परामर्श दिया गया। तालाब में मत्स्य बीज संचित करते समय बीज में लाल दवा (पोटेशियम परमैंगनेट) का छिड़काव करके ही तालाब में डालने का परामर्श दिया गया ताकि मछली रोग रहित संचित हो सके।

अन्त में उप निदेशक मत्स्य, आगरा मण्डल, आगरा एवं सहायक निदेशक मत्स्य, आगरा एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम सम्पन्न किया।

खेत में सिंचाई के लिए लेजम डालने को लेकर संघर्ष, तीन घायल

फतेहाबाद । थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव नयापुरा खंडेर में खेतों में सिंचाई के लिए लेजम डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। संघर्ष में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के हाकिम सिंह पुत्र छोटेलाल और उनके नाती शैलेंद्र पुत्र जापान सिंह ने अपने खेतों में सिंचाई के लिए लेजम डाल रखी थी। आरोप है कि दूसरे पक्ष के कप्तान सिंह ने इसका विरोध करते हुए कहा कि उनके खेत के पास लेजम क्यों डाली गई है। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कप्तान सिंह पक्ष के लोगों ने लेजम फाड़ दी। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडे चलने लगे।

मारपीट में पहले पक्ष के हाकिम सिंह और उनके नाती शैलेंद्र तथा दूसरे पक्ष के कप्तान सिंह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी फतेहाबाद में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नए मतदाता बनाने के लिए घर-घर दस्तक दे रही टीमें

फतेहाबाद । मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रशासन ने घर-घर संपर्क अभियान शुरू किया है। विशेष दिवस पर गठित टीमें घर-घर पहुंचकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन टीमों में संबंधित कोटेदार, लेखपाल और सुपरवाइजर को शामिल किया गया है, ताकि कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित न रह जाए।

शनिवार को विशेष अभियान के दौरान तहसीलदार शिखर मिश्रा ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि फार्म-6 भरने वाले आवेदकों को पावती रसीद अवश्य उपलब्ध कराएं, जिससे आवेदन जमा होने की पुष्टि हो सके।

तहसीलदार ने बूथ संख्या 320 जूनियर हाईस्कूल परिसर पहुंचकर बीएलओ प्रीति गुप्ता से नए मतदाताओं के पंजीकरण की जानकारी ली। यहां फार्म-6 के छह आवेदन जमा हुए थे। बूथ संख्या 321 पर बीएलओ राजकुमारी ने पांच आवेदन जमा होने की जानकारी दी। वहीं बूथ संख्या 274 भोगपुरा में बीएलओ धर्म सिंह ने बताया कि फार्म-6 के 16 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इसके अलावा तहसीलदार ने श्रीमती भगवान देवी कन्या इंटर कॉलेज में बने बूथ संख्या 329, 330, 331, 332 और 333 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को अभियान में तेजी लाने और पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार, संजय शर्मा, यनीश कुमार और देवक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

सीकरी में लाइट एंड साउंड शो का हुआ भव्य लोकार्पण, पर्यटन को मिली नई उड़ान

अग्र भारत सवाददाता

फतेहपुर सीकरी। ऐतिहासिक नगरी फतेहपुर सीकरी में शुक्रवार शाम पर्यटन के नए अध्याय की शुरुआत हुई। दीवान-ए-आम स्मारक में 926.60 लाख रुपये की लागत से तैयार लाइट एंड साउंड शो का भव्य लोकार्पण यूपी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया।



लोकार्पण कार्यक्रम शाम 6 बजे आयोजित हुआ। जैसे ही शो शुरू हुआ, पूरा दीवान-ए-आम रोशनी और ध्वनि से जगमगा उठा। मुगलकालीन इतिहास, अकबर के दरबार की भव्यता, उनकी न्यायप्रियता और सीकरी की स्थापना की कहानी को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। मौजूद दर्शकों ने तालियों से इसका स्वागत किया।

इस अवसर पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन को नई पहचान दी जा रही है। सीकरी विश्व धरोहर है, यहां का इतिहास पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। लाइट एंड साउंड शो से पर्यटक अब दिन के साथ-साथ रात में भी सीकरी की ऐतिहासिक विरासत को महसूस कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सीकरी में पर्यटकों के ठहराव का समय बढ़ेगा। इससे स्थानीय होटल, गाइड, हस्तशिल्प कारोबारियों और दुकानदारों को सीधा लाभ मिलेगा। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सरकार का लक्ष्य सीकरी को आगरा के साथ-साथ स्वतंत्र पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व पर्यटक मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि शो प्रतिदिन शाम 6 बजे से शुरू होगा। इस दौरान ए डी ए बीसी विजय कुमार, सचिव संजय कुमार, ए एस आई सुप्रिटेंडेंट स्मिता कुमारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र फौजदार, समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

जनगणना की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, सूरसदन में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर ने समझाई जनगणना की बारीकियां



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर नगर निगम प्रशासन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में शनिवार को सूरसदन में प्रगणकों और सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित कर उन्हें जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर ने प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगर जनगणना अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसकी सफलता पूरी तरह से मैदानी स्तर पर तैनात प्रगणकों और सुपरवाइजरों की सक्रियता, सजगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करती है। इसलिए सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण के माध्यम से जनगणना की पूरी प्रक्रिया से भली-भांति परिचित कराया जा रहा है, जिससे कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न आए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सूचनाओं का संकलन करना, प्रत्येक प्रविष्टि को सावधानीपूर्वक दर्ज करना और उपलब्ध आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखना बेहद जरूरी है। साथ ही कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी समझाया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रियाओं का गंभीरता से पालन करें। जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार तक पहुंचना और सही जानकारी एकत्रित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। उन्होंने सभी कार्मिकों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की।

योगी सरकार में जैन विरासत के विकास को मिली गति, एत्मादपुर के त्रिमूर्ति जैन मंदिर को मिली नयी पहचान



जैन विरासत के विकास से सरकार ने दिया समान सम्मान का संदेश, एत्मादपुर के त्रिमूर्ति जैन मंदिर का हुआ विकास

जैन सर्किट के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों को धार्मिक पर्यटन से जोड़ने की पहल

हर अल्पसंख्यक समुदाय की आस्था का सम्मान योगी सरकार की प्राथमिकता : जयवीर सिंह



अग्रभारत संवाददाता

आगरा। उत्तर प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के साथ जैन तीर्थस्थलों के विकास को भी गति दी जा रही है। इसी क्रम में आगरा के एत्मादपुर स्थित ऐतिहासिक श्री आदिनाथ भरत बाहुबली त्रिमूर्ति जैन मंदिर में 1.05 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य पूरे कराए गए हैं। पर्यटन विभाग की ओर से कराए गए इन कार्यों में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार, सूचना पट्टों की स्थापना और मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण शामिल है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को कहा कि, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय की आस्था, परंपरा और धार्मिक विरासत को समान आदर और सम्मान दे रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले एक समुदाय विशेष की भावनाओं को प्राथमिकता दी गई, जबकि जैन समाज सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की धार्मिक विरासत अपेक्षित उपेक्षा का शिकार रही। वर्तमान सरकार सभी समुदायों को समान महत्व देकर उनके धार्मिक स्थलों का विकास करा रही है। '

मंदिर में निर्मित बहुउद्देशीय भवन से धार्मिक, सामाजिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए स्थान उपलब्ध होगा। वहीं, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। सूचना पट्टों के माध्यम से मंदिर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। परिसर में हरियाली और सौंदर्यीकरण के कार्य भी कराए गए हैं।

12 पर्यटन परिपथों में शामिल है जैन परिपथ

दरअसल, उत्तर प्रदेश की जैन विरासत को पर्यटन से जोड़ने के लिए जैन सर्किट विकसित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत चिह्नित 12 पर्यटन सर्किट में जैन सर्किट भी शामिल है। इसके अंतर्गत देवगढ़, हस्तिनापुर, वहेलना, कम्पिल और वाराणसी, फिरोजाबाद व हाथरस के जैन धार्मिक स्थलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य प्रदेश में जैन धर्म से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को बेहतर पर्यटन सुविधाओं से जोड़ना है।

एत्मादपुर स्थित यह मंदिर भगवान ऋषभदेव यानी आदिनाथ और उनके पुत्रों भरत एवं बाहुबली से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं के कारण जैन समाज में विशेष महत्व रखता है। मंदिर का विकास न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को भी मजबूती देगा।

जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जैन मंदिरों को आध्यात्मिक पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।